राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

26 हजार करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

देशनोक स्थित मां करणी के दर्शन कर सबके मंगल की कामना की

राज्यपाल श्री बागडे भी मौजूद रहे कार्यक्रम में

जयपुर, 22 मई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बीकानेर स्थित देशनोक, पलाना में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इससे पहले राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने प्रधानमंत्री की अगवानी करते हुए उनका भाव—भरा अभिनंदन किया। बाद में राज्यपाल कार्यक्रम स्थल पर भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ मौजूद रहे। उन्होंने राजस्थान को विकास कार्यों और जन कल्याण योजनाओं की दी गई सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया।

देशनोक में करणी माता के दर्शन कर सबके मंगल की कामना की

इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल श्री बागडे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना करते हुए राष्ट्र की खुशहाली और संपन्नता के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

———

तथा
अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत
रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन
प्रधानमंत्री
मोदी

माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी

रेल मंत्रालय
भारत सरकार
102 अमृत स्टेशनों
(अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित)
का उद्घाटन
श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ
(वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से)
गरिमामयी उपस्थिति
श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे
राज्यपाल, राजस्थान
श्री भजन लाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान
श्री अश्विनी वैष्णव
श्री अर्जुन राम मेघवाल
संसदीय कार्य राज्य मंत्री
श्रीमती दिया कुमारी
उप मुख्यमंत्री, राजस्थान
डॉ. प्रेम चंद बैरवा
उप मुख्यमंत्री, राजस्थान